हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 मई 2024

04 रेत के ओवरलोड डंपर बन रहे हादसे का...



05 मुख्य सड़क पर मंडी गेट के सामने गति अवरोधक...





### पहली बार प्रवेश के पहले कठिन तलाशी के दौर से गुजरे परीक्षार्थी

# मेडिकल में चयन के लिए 1238 परीक्षार्थियों ने दी नीट की परीक्षा

**नर्मदापुरम में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा मेडीकल नीट परीक्षा यूजी का आयोजन किया गया। परीक्षा में जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1291 परीक्षार्थियों में से 1238 ने परीक्षा दी। वहीं 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों पर सधन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष तक जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देश की सबसे बड़ी मेडिकल परीक्षा नीट यूजी रविवार को संपन्न हुई। परीक्षा के लिए नर्मदापुरम के लिए तीन सेंटर बनाए गए थे। शांति निकेतन स्कूल के प्रभारी प्रशांत पटेल ने बताया कि परीक्षा में कुल 1291 परीक्षार्थियों में से 1238 परीक्षार्थियों ने नर्मदापुरम के सरवाईट कान्वेंट स्कूल, समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल एवं शांति निकेतन स्कूल में मेडिकल के चयन के लिए परीक्षा दी। वहीं 53 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।


#### सेंटर से निकले परीक्षार्थी खिला चेहरा

नीट परीक्षा में जी विज्ञान, वनस्थति विज्ञान के अलावा अन्य विषयों की तैयारी कर परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों के चेहरे सेंटर हॉल से निकलने के साथ ही खिले हुए नजर आए। परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर काफी सरल था, लेकिन देखना यह है कि हल किए गए प्रश्न कितने सही होंगे।

#### गर्मी से बेहाल रहे परीक्षार्थी

कुछ सेंटर्स पर 40 डिग्री से अधिक तापमान में छात्र-छात्राओं को चेकिंग के नाम पर बाहर खड़े रहना पड़ा। परीक्षार्थियों के साथ आएं माता-पिता, भाई बहनें रिश्तेदार सेंटर्स के बाहर बैठ इंतजार कर रहे है। वहीं केंद्र पर अभ्यर्थी दस्तावेज की जांच, बायोमेट्रिक उपस्थिति, थर्मल स्कैनिंग और फ्रिस्किंग से संबंधित प्रक्रिया से विद्यार्थियों को गुजरना पड़ा। 1.30 बजे बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद महिला एवं पुरूष परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र से अधिक तलाशी कठिन थी। अभी तक दी गई परीक्षाओं में से पहली बार कठिन दौर से गुजरना पड़ा। हालांकि फेयर परीक्षा के लिए यह जरूरी भी है।

#### परीक्षार्थियों को कड़ी तलाशी से गुजरना पड़ा



परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों को प्रबंधन द्वारा कड़ी तलाशी से गुजरना पड़ा। परीक्षा सेंटर्स पर छात्र-छात्राओं से जूते, एरिंग्स, नाक की बाली, हेयरपिन । हाथ-पैर में बंधे धागे काटे गए। ऐसे में कुछ छात्राओं को नाक लोंग, एरिंग्स उतरवाने के लिए सुनार की दुकान तक जाना पड़ा।

---

**आबकारी विभाग ने की कार्रवाई**

## 1 लाख 25 हजार रुपए का महुआ लाहन व हाथ भट्टी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आबकारी उड़नदस्ता टीम ने माखननगर एवं सिंहपुर बगरातवा में 1100 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर किया नष्ट एवं 40 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त किया गया है। जिसकी कीमत 1 लाख 25 हजार रूपए आंकी गई है। रविवार को सुबह के समय जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना के आधार पर माखननगर क्षेत्र में आबकारी वृत नर्मदापुरम बी की टीम के द्वारा दबिश एवं तलाशी की कार्रवाई की गई। जिसमें कुचबंदिया मोहल्ला एवं समोन रोड माखननगर में नालों के किनारे लगभग 800 किलोग्राम अवैध महुआ लाहन बरामद कर नष्ट करवाया गया एवं लगभग 30 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की तलाश जारी है।

वहीं तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। इसके साथ ही सिंहपुर मानेगांव में भी लगभग 300 किलोग्राम लावारिस महुआ लहन बरामद का नष्ट करवाया गया एवं एक आरोपी से 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर प्रकरण कायम किया गया ।पश्चात बागरा तवा एवं माता पूरा मोहल्ले में भी अवैध शराब के विरुद्ध तलाशी की कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में कुल जप्त महुआ लहान एवं शराब की कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार रूपए आंकी गई है। रविवार को की गई कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नर्मदापुरम बी वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवर प्रसाद निमोदा, आबकारी आरक्षक विकास लोखंडे, नर्मदाप्रसाद मेहरा एवं भावना यादव सक्रिय योगदान था। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया की मुखबिरों से सूचनायें प्राप्त कर आबकारी की टीमें संपूर्ण जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहीं हैं एवं इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगीं।

#### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन अब 20 मई तक

**नर्मदापुरम।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन अब 20 मई तक किया जा सकेगा। पूर्व में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि नर्मदापुरम जिले के लिए 7 मई निर्धारित की गई थी। कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पूरे प्रदेश में अब समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि को 20 मई तक बढ़ाया गया है।

---

**नाथ योगी समाज की बैठक हुई**

## गुरु गोरखनाथ जयंती समारोह व समाज के संगठन पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रविवार को नाथ योगी समाज की बैठक संपन्न हुई। समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं समाज को संगठित करने के विषय पर चर्चा हुई। समाज के जिला मिडिया प्रभारी दुर्गेश परमाल ने बताया कि आगामी 23 मई 2024 को गोरखनाथ जयंती है जिसको लेकर बैठक संपन्न हुई।बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओ गोरखनाथ जयंती समारोह के लिए अपनी अपनी सलाह दी समाज के सभी युवा साथियों और वरिष्ठ जनों से निवेदन किया है कि आने वाले गोरखनाथ जयंती कार्यक्रम एवं बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन देवें। बैठक में समाज के सभी युवा एवं वरिष्ठ जन मौजूद रहे। श्री परमाल ने बताया कि समाज की बैठक हनुमान मंदिर पुलिस लाइन में संपन्न हुई। जिसमे समाज के सभी लोग शामिल हुए। सभी सामाजिक बंधुओं ने मिलकर यह निर्णय लिया कर जिस तरह हर समाज के लोग समाज सेवा के कार्य में आगे आते हैं उसी प्रकार नाथ योगी समाज के लोग भी समाज सेवा के कार्य करेंगे। बैठक में पूर्व से घोषित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। एवं समाज के बंधुओं की सहमति से उक्त बिंदुओं पर शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जायेगा। समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम सब इसी तरह एक साथ मिलाकर आगे बढ़ेंगे और समाज की अलग पहचान बनायेंगे। समाज के हित के लिए कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर समाज के, रामगोपाल नाथ , प्रकाश नाथ अरविंद नाथ मोहन नाथ इल्लू नाथ, मुकेश नाथ, राकेश नाथ दीपक नाथ दुर्गेश नाथ पियांशु नाथ सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं का दुर्गेश ने आभार प्रकट किया।

---

**अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित**

## नर्मदापुरम संभाग टीम ने जबलपुर संभाग को 67 रनों से पराजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में इंदौर में आयोजित की जा रही अंडर 22 लिमिटेड ओवर अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आखिरी लीग मैच में डेली कालेज ग्राउंड में नर्मदापुरम संभाग ने जबलपुर संभाग को 67 रनों से पराजित किया।

नर्मदापुरम संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में अथर्व महाजन के शानदार शतक 105 रन की बदौलत 341 रन बनाएं टीम की ओर से आर्यन देशमुख ने 56 आदर्श दुबे 37 रन , चिराग डाक 36 रन का योगदान दिया। इसके पश्चात 342 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जबलपुर संभाग की पूरी टीम 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 274 रन बना सकी। नर्मदापुरम संभाग की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्षित परसाई ने तीन विकेट लिए आर्यन देशमुख, सागर यादव ,विधान दुबे, पुलकित गिरी ने 1-1 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच नर्मदापुरम के अथर्व महाजन को श्रीराम अत्रे सहित अंपायर्स ने दिया।इस तरह नर्मदापुरम संभाग में जबलपुर संभाग को 67 रनों से पराजित किया एवं सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

---

**दो छात्राओं को पुलिस ने किया बरामद**

## परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं होने पर छोड़ा था घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परीक्षा से भयभीत होने के साथ साथ अनुकूल परिणाम नहीं मिलने से कुछ निराश विद्यार्थी गलत कदम उठा लेते हैं। जिससे विद्यार्थियों के परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा के पूर्व मनोवैज्ञानिक तौर से तैयार किया जाना चाहिए। विदित हो कि नर्मदापुरम में एमपी बोर्ड की कक्षा दसवीं में फेल और सप्लीमेंट्री आने पर 2 नाबालिग छात्रा घर से भागकर भोपाल और पिपरिया पहुंच गई। दोनों छात्रा बेस्ट फ्रेंड है। परीक्षा में एक फेल हुई और दूसरी को 2 विषय में सप्लीमेंट्री आई। रिज़ल्ट के बाद दोनों को उनके माता पिता ने डांटा। जिससे नाराज होकर दोनों घर से चुपचाप निकल गई। जिन्हें पथरौटा पुलिस ने साइबर की मदद से खोजबीन कर ढूंढ निकाला। एक छात्रा को भोपाल बुआ और दूसरी को पिपरिया से मौसी के घर से खोजा। दोनों को भोपाल से लाने के बाद उनके बयान हुए। घर से जाने का कारण पूछा एक ने बताया कि मैं दसवीं में फेल हुई। जिस पर पिता ने डांटा था। दूसरी ने भी कहा कि 2 विषय में सप्लीमेंट्री आने पर मम्मी-पापा ने चिल्लाया था।

पथरौटा थाना प्रभारी संजीव पंवार ने बताया दोनों छात्राएं 30 अप्रैल को घर से लापता हुई। परिजन ने गुमशुदगी दर्ज कराई। दोनों नाबालिगों को खोजने के लिये एक टीम बनाई। जिसमें एएसआई रेखा मुनिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। परिजन और रिश्तेदारों से संपर्क किया। जिससे एक का भोपाल और दूसरी का पिपरिया में मौसी के घर होने की जानकारी मिली। एएसआई ने अपनी टीम के साथ दोनों नाबालिग छात्राओं को भोपाल एवं पिपरिया से बरामद कर लिया। बयान के बाद दोनों छात्राओं को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

---

**स्वच्छता अभियान का 222वां सप्ताह**

## युवकों ने नर्मदा तट पर सफाई कर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा निरंतर माँ नर्मदा के घाट पर स्वच्छता अभियान जारी है। इस क्रम में रविवार को समिति के सदस्यों द्वारा परमहंस घाट पहुँचकर श्रमदान कर अपना 222 वा सप्ताह पूर्ण किया।

सदस्यों द्वारा घाट पर फैले कचरे को एकत्रित कर कूड़ेदान में डाला तत्पश्चात झाड़ू लगाकर स्वच्छता का सन्देश दिया।

सफाई करने वालों में समिति के अर्पित मालवीय, दीपक कलोसिया, प्रथम बावरिया, सुरेश शर्मा, किशन सराठे, संजू प्रजापति, ओम राय, पीतम चक्रवर्ती, जतिन यादव, राजेंद्र यादव, राजा मालवीय, सौरभ वर्मा, अनुराग वर्मा, सागर पटैल, अंकित सागर, सुजीत कैथवास, बृजेंद्र यादव उपस्थित रहे।

---

#### नर्मदा नहाने आए बालक की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे घरों से निकलकर नर्मदा नहाने पहुंच रहे हैं। जिससे गहरे पानी में चले जाने के बाद उनके डूबने की संभावना बढ़ जाती है। रविवार को शहर के सर्किट हाउस घाट पर नहाने आए 12 साल के बालक की डूबने से मौत हो गई। जिसे गोताखोर और स्थानीय लोगों की मदद से बालक को पानी से बाहर निकाला गया। बालक का उपचार होने के पूर्व ही उसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया।

मृतक बालक की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि बालक ट्रेनिंग में कचरा बीनने का काम करता था। ट्रेन में कचरा बीनने वाले अन्य बच्चों के साथ ही वो स्टेशन पर उतरकर सर्किट हाउस घाट नहाने गया। जहां गहरे पानी में जाने से वो डूब गया। एएसआई दिनेश मेहरा ने बताया बालक ट्रेन में कचरा बीनने का काम करता था। उसकी पहचान नहीं हो पाई। वो दोस्तों के साथ में नहाने आया था। पोस्ट मार्टम कर लिया है। मामले में जांच की जाएगी।

---

**9 मई को शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा**

## विप्र समाज हर्षोल्लास से मनाएगा परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन किये जायेंगे वही 9 मई को शाम 4 बजे स्थानीय सेठानी घाट से भव्य शोभायात्रा प्रारम्भ होगी जिसका समापन सेठानी घाट पर भगवान परशुराम जी की महाआरती प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा साथ श्री जगदीश मंदिर धर्मशाला में भंडारा सम्पन्न होगा। वहीं 10 मई को प्रातः श्री गोपाल मंदिर में भगवान परशुराम जी का सहस्त्रार्चन पूजन अभिषेक किया जाएगा। समस्त सनातन धर्मावलम्बियों से आह्वान किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेकर आयोजन को सफल बनाए। समिति के पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा,डॉ गोपाल प्रसाद खड्डुर, दिनेश तिवारी, नीरजेश त्रिपाठी, अविनाश मिश्रा, अजय दुबे, रामकुमार गुबरेले, अरुण दीक्षित, विनोद दुबे, विनोद रावत, योगेश शर्मा, सुखदेव भार्गव, मनीष तिवारी, केके शर्मा, पंकज शुक्ला, शशिकांत दुबे, उदित द्विवेदी, प्रकाश शर्मा, संतोष उपाध्याय, पप्पू मिश्रा, विनोद बुधौलिया,संतोष व्यास, संजीव शर्मा, संजय शर्मा,अनूप चौबे, रामगोपाल चौबे आदि ने बताया कि शोभायात्रा में सभी सामाजिक सदस्य मौजूद रहेंगे।



#### परशुराम जयंती पर होगा श्रीरामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारा

**नर्मदापुरम।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर 10 मई को राजा मोहल्ले में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन शाम 5 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम संयोजक सौरभ तिवारी ने बताया कि नारायण शंकर तिवारी व अन्य प्रस्तुति देगें। उन्होंने कहा कि इस दौरान भगवान परशुराम की पूजन पश्चात भंडारे का आयोजन रात्रि 8 से रात्रि 10 बजे तक होगा। तिवारी ने सभी सामाजिक बंधुओं से इस दिन घर में रंगोली सजाने व 5 दीपक लगाने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का समापन

**शाहपुर।** शहापुर में ग्राम कोटमी में चल रही नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। इसमें सुबह से ही खेड़ापति में मंदिर के प्रांगण में सबसे पहले नए हवन कुंड को तैयार कर, उसकी पूजा-अर्चना विधिवत आदरणीय पंडित के द्वारा विधिवत करवाई गई। उसके पश्चात दोपहर से कथा का प्रारंभ किया गया। जिसमें कथा वाचक पंडित अखिलेश परसाई शाहपुर के द्वारा व्यास पीठ के माध्यम से महात्मा की कथा का श्रवण कराया गया। और उसके पश्चात आरती की गई । एवं प्रसादी का भंडारा प्रसादी का सुंदर वितरण किया गया। जिसमें सभी भक्तगणों ने प्रांगण में बैठकर अमृत समान भोजन प्रसादी का पुण्य लाभ प्राप्त किया। और उसके पश्चात कथा वाचक पंडित अखिलेश परसाई शाहपुर का सर्वप्रथम सम्मान किया गया। और कथा में सहयोग देने वाले तबला वादक, पैड और डीजे, पंडाल वाले,सभी बंधुओ का तिलक लगाकर अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। और ग्राम से आए सहयोग करने वाले पत्रकार बंधु एवं भक्तजनों का सम्मान किया गया। और आज भक्तगणों ने विश्राम दिवस के दिन माता रानी के भजनों को गाकर बजाकर और नृत्य कर, झूम कर, पूरे प्रांगण में हर्षमय वातावरण बना दिया।

### जगधार के जंगल में अज्ञात महिला का जला हुआ शव मिला

**बैतूल।** महिला का जला हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है पुलिस ने शव को बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सोनार खापा के पास जगधर के जंगल की है जंहा सागौन के पत्तों से ढका शव लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। बैतूल बाजार पुलिस और एफ एस एल टीम मौके पर पन्हुचि और शव का बरामद कर जांच शुरू की है। बैतूल बाजार थाना टी आई बबिता धुर्वे ने बताया की अज्ञात महिला का शव सागौन के जंगल में मिला है शव करीब चार पांच दिन पुराना है महिला की जलाया गया है महिला की शिनाख्त नहीं हुई है शव को जिला अस्पताल में रखवाया गया है।

### कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा के संबंध में जारी किए निर्देश

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टरों को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाए। इन कक्षाओं के पुनरू परीक्षा केन्द्र जन शिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किए जाएं। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किए जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

### ग्राम पाटन में रैली निकालकर लोकसभा चुनाव में मतदान करने शपथ ली

**सीहोर।** ग्राम पाटन में लोकसभा निर्वाचन के तीसरे चरण में ग्रामीणों को मतदान करने के लिए अपील की गई। ग्राम पाटन में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम पाटन में रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए गांव में सभी से अपील की चौराहों पर ग्रामीणों को मतदान के बारे में समझाया और सभी को बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की शपत दिलाई। ग्रामीणों ने भी लोकसभा के तीसरे चरण में शत प्रतिशत मतदान करने का निर्णय लिया और कहा मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है। हम सब मतदान के दिन काम छोड़कर पहले वोट करेंगे ।

---

### शिकायत करने के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

# रेत के ओवरलोड डंपर बन रहे हादसे का कारण, अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

प्रशासनिक अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के चलते ओवरलोड रेत से भरे डंपर बेखौफ होकर नगर की सड़कों पर से अंधी रफ्तार से गुजर रहे हैं। लेकिन अफसरों द्वारा ओवरलोड रेत से भरे डंपरो पर कार्रवाई नहीं किए जाने की उनकी भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। नर्मदा नदी स्थित रेत खदानों से ओवरलोड रेत भरकर डंपर, ट्रक और ट्रेक्टर ट्राली नगर के बीच से निकले स्टेंट हाईवे से दिन के उजाले व रात के अंधेरे में गुजरते हैं।

नगर की सीमा में प्रवेश करते ही चालक वाहनों की स्पीड बढ़ा देते हैं। अंधी रफ्तार से गुजरते यह रेत से भरे वाहन अक्सर गंभीर हादसे का कारण बन रहे हैं। नगर के व्यस्ततम रोड मंडी स लेकर थाने तके रेत से भरे वाहन अंधी रफ्तार से दौड़ते हुए गुजरते हैं। इस सड़क पर सुबह से देर रात तक भारी ट्राफिक होता है। सड़क किनारे दुकान दारो के द्वारा सड़क के दोनों तरफ दुकानों के सामने 10-15 फीट तक सामान रख लिए जाने से नगर के मध्य से निकली स्टेंट हाईवे की सड़क मात्र 15-20 फीट ही बचती है।



**इछावर।** पानी की टंकी के पास हाइवे पर रेत से भरे ओवर लोड ट्रैक्टर इस तरह खड़े रहते है।

हालांकि अधिकारी क्षमता से अधिक रेत भरकर अंधी रफ्तार से दौड़ते डंपरों, ट्रक, ट्राली आदि वाहनों की जांच कर कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती है। लगता है प्रशासन भी किसी बड़े गंभीर हादसे का इंतजार कर रहा है। अंधी रफ्तार से दौड़ते रेत से भरे ओवरलोड वाहन अक्सर हादसे का कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद अधिकारी पुख्ता कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते उक्त वाहन ऑपरेटरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। दिन व रात के समय बड़ी संख्या में रेत से भरे डंपर बेरोकटोक नगर की सड़कों से गुजरते हैं, परन्तु स्थानीय प्रशासन एवं खनिज विभाग कार्रवाई करने में असक्षम साबित हो रहा है। नगर से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में रेत से भरे वाहन निकलते हैं कई डंपरों में ओवरलोड रेत भरी होती है। रेत से भरे यह डंपर नगर की सड़कों से निकलकर सीहोर, आष्टा, इंदौर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जाते हैं। ओवरलोड रेत से भरे यह डंफर हाइवे पर स्थित ढाबे, सीहोर बायपास पर घंटों खड़े रहते हैं, लेकिन अफसरों के द्वारा इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। कार्रवाई नहीं होने से अफसरों की कार्यप्रणाली पर लोगों के द्वारा सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं।

#### जिम्मेदार नहीं करते कार्रवाई

ओवरलोड रेत से भरे वाहन सरकारी कार्यालयों के सामने से बेखौफ होकर निकलते हैं, लेकिन इन वाहनों पर जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। हालांकि कभी-कभार दिखावे के लिए रेत के डंपरों पर चैकिंग के नाम पर रोका जाता है तथा बगैर कार्रवाई के चलता कर दिया जाता है। ओवरलोड रेत और बगैर लायल्टी के रेत का अवैध

#### जल्द करेंगे संयुक्त कार्रवाई

अभी लोकसभा निर्वाचन में व्यस्त हैं। चुनाव के बाद माइनिंग अधिकारियों से तालमेल कर रेत के ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**मील खान, एसडीएम इछावर**

---

# कंटेनर ने युवक को कुचला एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत

### बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, गंभीर

**मुलताई।** क्षेत्र में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है आज हुई दो दुर्घटनाओं में हाईवे पर कंटेनर ने एक मोटरसाइकिल सवार को कुचल डाला जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना मे ग्राम दुनावा के पास एक मोटरसाइकिल सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

बैतूल नेशनल हाईवे 47 पर ग्राम नगरकोट के पास बीती देर रात एक तेज रफ्तार कंटेनर ने एक बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी जिसके उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि ग्राम नगरकोट निवासी दशरथ धोटे गिट्टी क्रेशर पर काम के लिए जा रहा था। कि तभी अचानक कंटेनर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी बाइक दूर जा कर फीका गई। वही वह उस कंटेनर की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना होने के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई थी। जिसमे से किसी ने 108 एम्बुलेंस पर फोन कर चार लोगों के घायल होने की सूचना दी। लेकिन मौके पर पहुंचकर पता चला कि एक व्यक्ति ही घायल हुआ है, जिसकी मौत हो चुकी है। जिसे एनएचएआई एंबुलेंस द्वारा मुलताई नगर की सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**दुनावा के पास एक बुजुर्ग को मोटरसाइकिल सवार युवक ने मारी टक्कर**

मुलताई छिंदवाड़ा मार्ग पर ग्राम दुनावा के पास एक बुजुर्ग को एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते बुजुर्ग गिरकर घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस की मदद से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम घाट पिपरिया निवासी जसवंत पुत्र शंकर सिंह उपराले उम्र 60 वर्ष जो की ग्राम दुनावा किसी काम से आए हुए थे। तभी काठी रोड पर उन्हें एक बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। जिसके चलते वे गिरकर घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें मुलताई के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां से उसे बैतूल रेफर कर दिया गया।

---

# ईवीएम को लेकर पूरी संजीदगी बरतें: कलेक्टर सूर्यवंशी

### जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मतदान संबंधी व्यवस्था की पूर्व समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने को मतदान संबंधी व्यवस्था की पूर्व समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ईव्हीएम मशीनों के साथ प्रत्येक क्रिया में संजीदगी एवं गंभीरता बरते। ईव्हीएम अथवा मतदान प्रक्रिया के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से समन्वय कर शत प्रतिशत मतदान करायें। सभी अधिकारी अपने साथियों, अधीनस्थों को परिवार सहित मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। यह प्रयास करें कि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने कहा कि मतदान प्रतिशत में लगातार वृद्धि के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार श्रृंखला प्रारंभ की गई थी। जिसके तहत वाहन रैली, अक्षत लगाकर मतदान हेतु घर-घर निमंत्रण दिया गया। उन्होंने कहा कि अभी एआरओ को वोटर लिस्ट का वितरण सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित हो कि वोटर पर्ची भी मतदाता तक पहुंच जाए। इसके साथ मतदाता को यह भी बताए कि पर्ची के साथ उन्हें 13 परिचय पत्रों में से फोटो युक्त कोई एक परिचय पत्र साथ लाना होगा। श्री जैन ने कहा कि मतदान दलों के



प्रशिक्षण का काम भी 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उपस्थिति लगभग पूरी रही। मेन पॉवर रिजर्व दल के रूप में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सभी को चेक लिस्ट प्रदान की गई है। चेक लिस्ट के द्वारा अपने काम को सहजता से कर सकेंगे।

#### 72 घंटे अत्यधिक महत्वपूर्ण

एडीएम जेपी सैय्याम ने कहा कि मतदान दिवस के अंतिम 72 घंटे अत्यंत महत्वपूर्ण होते है। इसी अवधि में लॉ एंड आर्डर की स्थिति निर्मित होती है, इसलिए सजगता बरते। धारा 144 मतदान दिवस के 48 घंटे के पूर्व लागू रहेगी। आवश्यक सभी प्रतिबंध एवं व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि 48 घंटे पूर्व राज्य की सीमाओं को सील कर वाहनों आदि की सघन चेकिंग करें। अपर पुलिस अधीक्षक कमला जोशी ने बताया कि 5590 जवान मतदान व्यवस्था की सुरक्षा में लगे है। शेडो एरिया में मोबाईल और रेडियो सेक्शन इस अवधि में एक्टिव रहेगा। पर्याप्त संख्या में रिजर्व बल की कंपनियां उपलब्ध है।

#### मतदान दलों के लिए वाहन व्यवस्था

परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि मतदान दलों के लिए वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। उन्होंने सभी एआरओ से कहा कि वाहनों में डीजल पर्याप्त मात्रा में भरवाएं। डीजल के कारण कोई भी वाहन कहीं रुके नहीं। सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगा है, जिसकी मॉनिटरिंग निर्वाचन कार्यालय द्वारा की जा रही है। यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय के अंदर अपने गंतव्य पर पहुंचे। मतदान दलों के साथ वाहन चालक एवं कंडक्टर के भोजन आदि की व्यवस्था भी की जाए।

---

### निःशुल्क समर कैम्प का चतुर्थ दिवस

# श्रीविनायकम स्कूल में विभिन्न कलाओं के साथ सिखाया जा रहा आत्मरक्षा का तकनीकी ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विगत 22 वर्षों से संचालित जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल में 1 मई से 11 मई तक विद्यालय में अध्ययनरत ग्रेड 3 से 12 के विद्यार्थियों के लिए पूरी तरह निःशुल्क समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कलाओं के साथ साथ आत्मरक्षा का तकनीकी ज्ञान भी दिया जा रहा है। विद्यालय में आयोजित इस समर कैम्प में सेल्फ डिफेंस टेक्निक के अंतर्गत ग्रेड 3 से 12 के समस्त विद्यार्थी, विशेषतः बालिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीक को कराटे के माध्यम से सिखाया जा रहा है। इस कैंप के चौथे दिन अतिथि के रूप में कैंसर फाइटर समाजसेवी हेमन्त दुबे और बास्केटबॉल कोच राकेश बाजपेई पधारे। अतिथियों ने बताया कि श्री विनायकम स्कूल में समर कैम्प में बहुत सारी विभिन्न विधाएं निःशुल्क संचालित की जा रही हैं,जो प्रशंसनीय है। इसमें भी सबसे सुखद आश्चर्य ये है कि इन सारी विधाओं का संचालन खेल शिक्षक के साथ विद्यालय में पदस्थ टीचिंग स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री विनायकम स्कूल में इस समर कैंप में क्रिएटिव आर्ट्स के अंतर्गत मेहंदी, रंगोली, आर्ट एंड क्राफ्ट, फायरलेस कुकिंग एवं कैलीग्राफी की बेसिक टेक्निक और मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वहीं परफॉर्मिंग आर्ट्स के अंतर्गत संगीत की गायन व वादन की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, इसके साथ साथ डांस, ड्रामा व स्वयं को फिट और आनंदित रखने के लिए जुंबा क्लासेस भी संचालित होती है। इसके अलावा स्पोर्ट्स में इंडोर गेम्स जैसे टेबल टेनिस, शतरंज व कैरम एवं आउटडोर गेम्स जैसे वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, शॉटपुट, कबड्डी, खो- खो जैसे गेम्स संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा श्री हेमंत दुबे एवं श्री राकेश बाजपेई ने श्री विनायकम स्कूल के विद्यार्थी यश पंवार (मध्यप्रदेश मेरिट स्कॉलर) के अकादमिक प्रदर्शन पर भी हर्ष व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के इस अप्रतिम परिणाम के लिए भी सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गई। इसके अलावा अतिथियों ने श्रीविनायकम स्कूल की सहभागिता पर हर्ष जताते प्रतिभागियों को मार्गदर्शन व प्रोत्साहन दिया।

---



### इंडोनेशिया में सम्मानित हुए मूर्तिकार डॉ. कीर्ति सिंह

**बैतूल।** विगत दिनों बाली इंडोनेशिया में माइंड्स आईस नामक केन्द्र आर्ट स्पेस गैलरी में रेनबो आर्ट वर्ड प्रदर्शनी में संपन्न हुई। जिसमें बैतूल निवासी और वर्तमान में शासकीय गीतांजली महाविद्यालय में कला प्राध्यापक व मूर्तिकार डॉ.कीर्ति सिंह को उनकी रचना के लिए विश्व ख्याति कलाकार अगुस महा उसाधा केतुआ ने सम्मानित किया। यह सम्मान डॉ.कीर्ति सिंह द्वारा भारत भोपाल में बनाई गई शीर्षक विहीन मॉडर्न आर्ट फाइबर ग्लास में बनी कलाकृति के कारण मिला था। जिसे प्रदर्शनी में आए दुनिया के सभी कलाप्रेमियों की भरपूर सराहना मिली। इस प्रदर्शन में भारत, दुबई, युएई, बांग्लादेश, नेपाल, इंडोनेशिया, श्रीलंका आदि देशों के 36 कलाकारों ने हिस्सा लिया।

---

# प्रायोगिक उपकरणों पर कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जेएच कॉलेज में प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रायोगिक उपकरणों के संचालन एवं रख रखाव पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ.अल्का पांडे ने संधारित सभी उपकरणों की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष में विद्यार्थियों को शोध कार्य करना होगा।

डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थी यदि प्रायोगिक कार्य में रूचि लेंगे तो उनका रुझान शोध क्षेत्रों में होगा। जिससे साइंटिस्ट बन महाविद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। शासन भी निरंतर इस दिशा में प्रयासरत है। इस हेतु बहुत महंगे और आधुनिक उपकरण की विभाग को उपलब्ध करवा रहा है। जिससे गुणवत्ता से पूर्ण शोध कार्य महाविद्यालय में भी किया जा सके। कार्यशाला के दूसरे सत्र में वनस्पति शास्त्र के प्रो.अर्चना सोनारे, डॉ.अर्चना मिश्रा, प्रो.सुनीता गढ़ेकर, डॉ.महेन्द्र नावंगे, प्रो.दीपिका साहू, डॉ.प्रीतिबाला पाल, माया सूर्यवंशी शोध छात्रा प्रियंका भोपते द्वारा विद्यार्थियों की उपकरणों को संचालित करने की विधि का प्रशिक्षण दिया गया। शासकीय महाविद्यालय पांढुर्णा के अतिथि विद्वान डॉ.श्रेयांश परसाई द्वारा अत्याधिक आधुनिक उपकरण जेल डाक को संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अर्चना मिश्रा ने व आभार प्रो.अर्चना सोनारे ने व्यक्त किया।



---

### श्रीराम कथा महोत्सव के सप्तम दिवस पं. निर्मल कुमार शुक्ल ने कहा...

# 'राम और भरत ने होते तो आज भाई-भाई का रिश्ता समाप्त हो गया होता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

श्रीराम कथा हमारे जीवन चरित्र को सुधारने की प्रयोगशाला है, राम चरित्र के आलोक में मानव दैवी गुणों का संकलन कर सकता है। समाज के सर्वांगीण विकास का दर्पण है, राम चरित मानस। उक्त उद्गार टैगोर वार्ड में जिला पंचायत सदस्य एवं उद्योगपति राजा ठाकुर के निवास पर किलेदार एवं परिहार परिवार द्वारा आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के सप्तम दिवस प्रयागराज से पधारे हुए रामायण, भागवत, गीता एवं सनातन ग्रंथ के विलक्षण व्याख्याकार मानस महारथी पं. निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल श्रोता समूह के समक्ष प्रकट किया।

आज भरत चरित्र की धार्मिक व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो भ्रातृप्रेम दिख रहा है, वह राम और भरत जैसे भाइयों के कारण ही है। अगर राम और भरत ने बंधु प्रेम की आधारशिला न रखा होता, तो आज एक माता के गर्भ से दो भाई नहीं, अपितु दो हिस्सेदार प्रकट होते और माता के एक-एक स्तनों का भी बंटवारा कर लेते। विद्वान वक्ता ने कहा कि अयोध्या का राज्य देवदुर्लभ था, इन्द्र इस विशाल साम्राज्य को देख कर ईर्ष्या करते थे और





कुबेर यह वैभव देखकर लज्जित हो जाते थे, किन्तु इन दोनों भाइयों ने इस वैभवशाली राज्य को एक फुटबॉल बना दिया। एक तरफ भगवान राम ने उस पर ठोकर मारा तो दूसरी तरफ भरत ने भी ठुकरा दिया, परिणामस्वरूप यह राज्य चौदह वर्ष तक इधर-उधर लुढ़कता रहा। राम वनवास के बाद पिता की मृत्यु के पश्चात जब भरत अयोध्या आए तो पिता के समस्त मृत्यु संस्कारों से निवृत्त होकर एक रात व्याकुल मन से अकेले ही कवध की गलियों में भटक रहे थे। अयोध्या के सिंहद्वार पर एक देवी रो रही थी, भरत ने आश्चर्य से निकट जाकर पूछा कि देवी आप कौन हैं, क्या आपके भी राम वन चले गए हैं। रोती हुई देवी ने कहा कि मैं अयोध्या की राज्यलक्ष्मी हूं, बहुत दिनों से अभिलाषा थी कि कभी श्री राम राजा बनेंगे, तो मैं उनके गले में माला डालकर धन्य हो जाऊंगी। किंतु अब राम की जगह तुम हो, आवो मुझ राज्यलक्ष्मी का वरण करो, मैं माल्यार्पण करूं, तुम अयोध्या के राजा बन जाओ। भरत ने कहा कि देवी आप नेत्र बंद करो, मैं अभी राम को बुला देता हूं, फिर उनके गले में माला डाल दो। राज्यलक्ष्मी ने प्रसन्न होकर नेत्र बंद किया तो एकाएक भरत भाग चले, लक्ष्मी ने नेत्र खोले, उधर भरत बोले, देवी ऐसे ही हाथ में माला लेकर सिंहद्वार पर 14 वर्ष खड़ी रहो, जब भगवान श्रीराम आ जाएं, तो माल्यार्पण करके धन्य हो जावो। माताओं, गुरु वशिष्ठ, मंत्री वर्ग सबने उनसे राज्य लेने का आग्रह किया, किन्तु भरत ने सविनय ठुकराकर चित्रकूट की ओर प्रस्थान किया। भगवान राम को अयोध्या लौटाने का बहुत प्रयास किया, किंतु धर्मावतार राम ने स्वीकार नहीं किया, अंततः श्रीराम की पादुका लेकर भरत अयोध्या आ गये। सिंहासन पर उन पादुकाओं का राज्याभिषेक हुआ तथा पादुकाओं की क्षत्रछाया में अभूतपूर्व संयम का पालन करते हुए अवधवासियों ने 14 वर्ष का काल व्यतीत किया। इस कथा महोत्सव में नगर तथा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों का विशाल समुदाय एकत्र हो रहा है। कथा में मुख्य रूप से ओम अग्रवाल, जनार्दन सिंह विदिशा, राजेन्द्र सिंह दिल्ली, शशांक सिंह पुण, बलवंत धोटे, सुनील दिवेदी, प्रेमशंकर मालवी, सुभाष आहूजा, रंजीत शिवहरे, रमेश मिश्रा, जितेन्द्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, मनीष सिंह, अमित सिंह, दिवान सिंह, ऋषीराम सरले, संजय द्विवेदी सहित अन्य प्रबुद्ध श्रोतागण उपस्थित थे। लोग 4 घंटे मंत्रमुग्ध भाव से कथा गंगा में गोता लगा रहें हैं। आयोजक राजा ठाकुर एवं अरुण सिंह किलेदार ने महराज श्री का पुष्पहार द्वारा स्वागत किया। प्रदीप सिंह किलेदार, राजेन्द्र सिंह किलेदार, राघवेन्द्र सिंह, आशू सिंह किलेदार व पिंटू परिहार, ऋषीराज सिंह परिहार सहित परिजनो ने समस्त धर्मप्रेमी लोगो से अधिकाधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया है। यह कथा गंगा 7 मई को दोपहर 3.30 से 7.30 बजे तक प्रवाहित होगी।

### किसान, व्यापारी, आम नागरिक परेशान, जन आंदोलन की तैयारी

# मुख्य सड़क पर मंडी गेट के सामने गति अवरोधक की उठी मांग

**कृषि उपज मंडी के सामने सड़क पर तेज गति से निकलने वाले वाहनों की गति को नियंत्रण करने के लिए किसानों ने गति अवरोधक बनाने की प्रशासन से की है। किसानों का कहना है कि उक्त सड़क पर आए दिन छोटी बड़ी घटनाएं घटित होती हैं।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

कृषि उपज मंडी के मुख्य द्वार के सामने होशंगाबाद पिपरिया मुख्य मार्ग पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए ग्रामीण जनों एवं किसानों द्वारा विगत कई वर्षों से मुख्य गेट के सामने सड़क पर दोनों तरफ गति अवरोधक बनाए जाने की मांग के बाद भी अभी तक गति अवरोधक नहीं होने के कारण आए दिन किसान एवं आम नागरिक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लगता है प्रशासन यहां किसी बड़ी दुर्घटना के बाद जन आंदोलन की राह इन गति अवरोधक निर्माण के लिए देख रहा है। यदि समय रहते इसका निर्माण नहीं किया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अभी हाल में मुख्य मार्ग पर किए गए डामरीकरण के बाद साइड में मुरम नहीं डाले जाने से सड़क ऊंची होने से वाहन चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं अभी वर्तमान में यह स्थिति है तो बरसात में यहां की स्थिति और भी अधिक खराब होगी ग्राम कि इस सड़क के दोनों तरफ मुरम और कृषि उपज मंडी के मुख्य गेट के सामने दोनों तरफ गति अवरोधक का तत्काल निर्माण किया जाना आवश्यक है यदि यह नहीं किया गया तो ग्रामीणों को इस समस्या को लेकर जन आंदोलन सड़क पर बैठकर करने को मजबूर होना पड़ सकता है। किसने ग्रामीण एवं राहगीरों की सुरक्षा की दृष्टि से यहां तत्काल गति अवरोधक निर्माण के साथ सड़क के दोनों और मोरम डालने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से नहीं की गई तो कोई बड़ी दुर्घटना हो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता यदि समय रहते मंडी गेट के मुख्य द्वार के सामने दोनों और गति अवरोधक का निर्माण नहीं किया गया तो ग्रामीण जन आंदोलन की राह पर जा सकते हैं ।

# वैशाख मास प्रारंभ होते ही रेलवे स्टेशन पर समाजसेवियों ने की जल सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय पुष्टीमार्गी वैष्णवी सभा के द्वारा रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रेन में आने जाने वाले यात्रियों को बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए पीने के पानी की आवश्यकता पड़ती है। बात को ध्यान में रखते हुए वैशाख मांस प्रारंभ होते ही इनके द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। जिसमें नगर के तमाम समाज से भी संगठनों के युवा वर्ग नगर के सभी समाजसेवी युवक युवतियां भी इसमें स्कूली छात्र छात्राएं शामिल होकर सुबह 4 से देर रात तक जल सेवा करते हैं।

रेलवे स्टाफ के द्वारा यह इन लोगों को समाज सेवा के माध्यम से जल सेवा उपलब्ध कराई जाती है उसे जल सेवा को ठंडा पानी में बदलने के लिए मिट्टी के सैकड़ो की तादात में घडे उपलब्ध कराए जाते हैं। ठंडा पानी भरा जाता है और उसे ठंडे पानी को समाज सेवा के माध्यम से ट्रेन में आने-जाने वाले सभी यात्रियों को समाजसेवियों के द्वारा जल सेवा उपलब्ध कराई जाती है। जल का दान करना यह सबसे बड़ा दान माना जाता है। दिन में मुख्य रूप से सभी नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्य एवं अमित सेवा समिति के सदस्यों के साथ-सा द सभी समाजों के समाज से भी संगठनों के लोगों के द्वारा शामिल होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय वैष्णव संप्रदाय पुष्टिमार्ग की संस्था के बुजुर्गों के द्वारा भी यह जल सेवक की जाती है। ट्रेन आते ही यह लोग अपने हाथों में पानी की कुप्पियों एवं सामग्री लेकर दौड़ते हैं। यात्रियों के पास रखे हुए बर्तनों में पानी की बोतलों में पानी भरकर ठंडा देते हैं।

यह जल सेवा बरसात प्रारंभ होने तक चलती है। जिसे लेकर पिपरिया रेलवे स्टेशन की पहचान दूर-दूर तक बनी हुई है क्योंकि चारों दिशाओं से आने वाली सभी याद ट्रेनों का स्थापित पिपरिया रहता है और इसमें यह व्यवस्था रहती है जिसके कारण लोग दूर-दूर से जल सेवा लेकर जाते हैं और पिपरिया का नाम लेते हैं।

### सेन जयंती पर आज शाम निकलेगी शोभायात्रा

**बनखेड़ी।** बनखेड़ी में सेन समाज द्वारा सेन जयंती के अवसर पर आज शोभायात्रा निकल जाएगी एवं कार्यक्रम अयोजित होगा, सेन समाज के सक्रिय सदस्य देवेंद्र गुड्डू सराठे ने बताया कि शोभायात्रा शाम 4 बजे हनुमान मंदिर स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर पुराना बाजार दुर्गा मंदिर से गोविंद पैलेस पर समापन होगी

# विद्यालय में विद्यार्थियों को मिल रही अच्छे संस्कारों की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



22 अप्रैल 2024 से माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में समाज की नींव मजबूत करने के लिए प्रारंभ हुई। संस्कार शाला का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। एक और जहां दिन प्रतिदिन विद्यार्थियों का लगाव एवं संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं अभिभावकों में हर्ष एवं ख़ुशी की लहर हैं। नगर में हर तरफ संस्कार शाला की सराहना की जा रही है। संस्कार शाला में आचार्य प्रशांत पटेरिया, आचार्य अंकित शुक्ला एवं संजय कोरी द्वारा नित्य विद्यार्थियों को अत्यधिक अनूठे तरीके से शिक्षा प्रदान की जा रहीं हैं। विद्यार्थियों को भारतीय सनातन संस्कृति एवं गायत्री परिवार के बारे में बताया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों से अवगत कराया जा रहा है। किस तरह से हमें अपनी दिनचर्या सनातन संस्कृति के अनुसार जीना चाहिए वह बताया जा रहा है। प्रतिदिन हनुमान चालीसा, गायत्री चालीसा, श्री राम स्तुति मंत्र, श्लोक आदि विद्यार्थियों को सिखाए जा रहे हैं। पवन साहू द्वारा कक्षा में प्रतिदिन उपस्थित होकर महत्वपूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी के अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने नम आंखों से बताया कि मेरी माता जी राजरानी गुप्ता जी जिन्होंने माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ की नीव पचमढ़ी में रखी आज उनका सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने बताया की बच्चों को भारतीय संस्कृति,सनातन धर्म एवं गायत्री परिवार के बारे में बुनियादी शिक्षा अत्यंत सरल तरीके से दी जा रही है। माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6 बजे तक सामूहिक मंत्र जाप प्रत्येक शनिवार शाम 7:30 बजे से महा आरती एवं प्रत्येक रविवार प्रातः 10 बजे से हवन किया जाता है।

# क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर के सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को किसी न किसी कार्य को लेकर प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। स्थापना दिनांक से लेकर आज दिनांक तक आर एन ए विद्यालय मैं भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा स्कूलों में स्टैंडर्ड क्लब के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सरकम का प्रारंभ प्राचार्य संजीव दुबे ने छात्रों को शुभकामनाएं दी और स्टैंडर्ड क्लब के गठन के महत्व के बारे में बताया उन्होंने बताया कि वस्तुओं के मानकीकरण में भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए क्लब का गठन किया गया है।

जिसमें स्कूलों में स्टैंडर्ड क्लब के माध्यम से गठित इस क्लब के बारे में बताया कि वस्तुओं के मन की करण की भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों के ज्ञान बढ़ाने के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सहायक संचालक शिक्षा नर्मदा पुरम सुनीता वाधवा ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया साल के क्लब के मैटर शिक्षक ने बताया कि क्लब के 16 छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया। प्रथम स्थान पर छात्र नीरज राजपूत को 1000 का नगद द्वितीय स्थान पर कुमकुम कर को 750 रुपए तीसरे स्थान पर अरुण अग्रवाल को 500 और चतुर्थ स्थान पर आकांक्षा चौहान को 250 रुपए का नगद पुरस्कार प्राचार्य संजीव दुबे उप प्राचार्य कल्पना श्रीवास्तव सहायक संचालक गिरीश गौतम मेघा वर्मा प्रीतम पुरवइया के द्वारा प्रदान किए गए।

# सेवा भारती ने किया भजन मंडली का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा भारती मध्य भारत प्रांत की नर्मदापुरम इकाई ने इटारसी शहर में मातृशक्ति को संगठित करने के उद्देश्य से भगत सिंह नगर में महिला मंडल का गठन किया। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया व मनोज राय ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नवगठित महिला मंडली को वाद्य यंत्र भेंट किए। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए महिला मंडलियों के गठन का उद्देश्य बताया। कार्यक्रम में सेवा भारती के शैलेन्द्र, वंदना, खूशबु, रश्मि व बस्ती की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी महिलाओं ने भजन किए। समापन अवसर पर प्रसाद वितरण किया। नवगठित महिला मंडल द्वारा नए-नए भजन तैयार कर नए-नए स्थान पर इस प्रकार के भजन गायन का कार्यक्रम किया जाएगा।

# वृद्धाश्रम में मनाई वल्लभाचार्य जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान वरुथिनी ग्यारस और प्रभु वल्लभाचार्य जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी अपने परिवार के साथ पहुंचे और यहां पर निवासरत वृद्धजनों को भोजन प्रसादी वितरण की। इस मौके पर सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक महेश यादव, समिति की ओर से श्रीमती निशा सिंह, उज्जैन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी, पंडित सुनील पाराशर, मनोज दीक्षित मामा, केन्द्र के प्रभारी नटवर सिंह, विकास अग्रवाल, सर्वेश निगम आदि मौजूद थे। पुजारी पंडित श्री त्रिवेदी के मार्गदर्शन में सुबह भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था और शाम को भी प्रसादी का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि श्री वल्लभाचार्य ने प्रत्येक जीवात्मा को परमात्मा का अंश माना है। उनके अनुसार, परमात्मा ही जीव-आत्मा के रूप में संसार में छिटका हुआ है। यानी हर व्यक्ति परमात्मा का ही अंश है। इसी आधार पर वल्लभ ने किसी को भी कष्ट या प्रताडऩा देना अनुचित बताया है। श्री कृष्ण भक्ति के भक्तिकालीन प्रणेता श्री वल्लभाचार्य जी की जयंती भारत में किसी लोकप्रिय त्योहार से कम नहीं है।

# मंदिर समिति ने किया सेन जी महाराज जयंती पर शोभा यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी





श्री सेन जी महाराज की 524 वी जयंती भारतीय सेन समाज इटारसी के द्वारा रविवार को धूमधाम से मनाई गई। श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तूलसी चौक से श्री सेन जी महाराज की शोभायात्रा प्रारंभ होने के पूर्व श्री द्वारिकाधीश राम जानकी मंदिर समिति ने शोभायात्रा में शामिल समाज के लोगों का स्वागत किया। मंदिर समिति उपाध्यक्ष प्रमोद पगारे, सचिव शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रहलाद बंग, मंदिर समिति प्रबंधक दिनेश सैनी ने श्री सेन जी महाराज की प्रतिमा का पुष्पहारों से स्वागत कर आरती उतारी। सामाजिक बंधु एवं बहनों को जलपान कराया गया। बाजार के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

# विप्र समाज के आराध्य देव परशुराम जयंती मनाने की तैयारी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज के द्वारा अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती मनाई जाती है जो कि ब्राह्मणों के आराध्य हैं इस बात को लेकर ब्राह्मण समाज के द्वारा लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जमकर तैयारी की जा रही हैं। लगभग प्रत्येक सप्ताह तमाम ब्राह्मणों के घरों पर एवं उनके प्रतिष्ठानों पर परिवार सहित बैठकों के आयोजन किया जा रहे हैं।

इस बार ग्राम पंचायत हथवाससे लेकर बिजनवाड़ा तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सभी ब्राह्मण परिवार सह परिवार भाग लेते हैं और भाग लेते आ रहे हैं। बड़े ही धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाती है और तमाम मंदिर समितियां के द्वारा भी भगवान परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा का स्वागत सम्मान किया जाता है और तमाम समाज से भी संगठनों के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत सम्मान किया जाता है जिसमें भगवान परशुराम की विशाल झांकी ब्राह्मण समाज के द्वारा तैयार की जाती है इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

समाज के लोगों के द्वारा सहयोग राशि भी लगातार संगठन को प्रदान की जा रही है बताया गया की शोभा यात्रा के पश्चात कार्यक्रम समापन के बाद पचमढ़ी रोड पर सिध्दी विनायक गार्डन में इसने भोज का आयोजन भी किया जाएगा। उसी के साथ प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा इस तरह से भगवान परशुराम जयंती मनाने के लिए ब्राह्मण परिवार पूरी जोर शोर से लगे हुए हैं।

### नारी शक्ति ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने चलाया जागरुकता अभियान

# घर-घर जाकर मतदाताओं को वोट डालने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारत निर्वाचन आयोग की अपील के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 जिला प्रशासन सीहोर के आवाहन पर मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड सीहोर के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठनों द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान विकासखंड सीहोर के समस्त ग्रामो में चलाया गया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में ग्राम संगठनों द्वारा साधारण सभा का आयोजन कर अपने ग्राम में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ ली एवं रंगोली प्रतियोगिता कुर्सी रेस मेहंदी प्रतियोगिता दीवार लेखन बैनर पोस्टर एवं ग्राम में जागरूकता रैली का आयोजन कर ग्रामीण जन को जागरूक किया तथा घर-घर जाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया ताकि ग्राम में मतदाता आने वाली 7 तारीख को बढ़-चढक़र अपना मतदान करें। ग्राम में 100 प्रतिशत मतदान हो इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम संगठन के पदाधिकारी मिशन अंतर्गत सीआरपी एवं मिशन स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा, स्वीप अभियान के अंतर्गत विकासखंड प्रबंधक जेएस गोयल, सहायक विकासखंड प्रबंधक हरनाम सिंह मेवाडा, मनोहर मालवीय आरबी बिजावत, भरत मेवाड़ा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीहोर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

# तकीपुर डैम पर चल रहा घटिया निर्माण ग्रामीणों ने निर्माण बंद करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़े तकीपुर डैम का निर्माण कार्य अब शुरू हो गया है जिसको 15 जून से पहले पूर्ण किया जाना है। लेकिन कार्य की धीमी गति और घटिया गुणवत्ता से आक्रोशित होकर ग्रामीण डैम निर्माण स्थल पर पहुंच गए और कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता को सुधारने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। जब इस बात की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को हुई तो सीहोर से तत्काल सामाजिक कार्यकर्ता पंकज शर्मा और स्थानीय जनपद सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह भारती तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की जायज मांगों का समर्थन करते हुए डैम के कार्य में तेजी लाए जाने तथा घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल बंद कर तुरंत अच्छी निर्माण सामग्री के साथ उनकी गुणवत्ता पूर्ण निर्माण की मांगों का समर्थन किया।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र के पोखरनी बायपास पुलिया के पास एक युवक ने शनिवार रात ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। रविवार को टिमरनी के सरकारी अस्पताल में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव के रहने वाले अमित पिता महेश जाति कहार उम्र 28 साल ने शनिवार रात को ट्रेन के सामने आकर अपनी जान दे दी। पुलिस को रेलवे से सूचना मिली थी कि पोखरनी बायपास के पास रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो मृतक का सिर धड़ से अलग हो कर दूर पड़ा था, जबकि धड़ रेलवे ट्रेक के बीच में था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामल आत्महत्या का लग रहा है। लेकिन जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट होगा। फिलहाल मर्ग कायम कर रविवार सुबह पीएम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जहरीला पानी पीने से मजदूर की मौत

**हरदा।** सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम डगावाशंकर का रहने वाला मुकेश गांव के ही किसी किसान के यहां मूंग की फसल में पानी देने का काम कर रहा था। इस दौरान उसने शराब के नशे में मूंग की फसल में देने वाली दवाई मिले पानी को धोखे से पी लिया। जिसके बाद वह खेत में ही बेसुध हो गया था, जिसे उपचार के लिए उसी समय नजदीक के ही एक गांव में निजी चिकित्सक को दिखाया गया था। जिसके बाद परिजन उसे वापस अपने गांव ले गए। शनिवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर दोबारा से सिराली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां लाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक की शादी करीब पांच साल पहले डोलरया की रहने वाली सुनीता के साथ हुआ था।

### मुहालकला के किसानों ने धरना समाप्त किया

**हरदा।** गांव की समस्याओं के कारण नाराज कुछ गांवों के ग्रामीणों ने मतदान न करने की बात पूर्व में कही थी। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि गांव की बिजली, पानी, सिंचाई की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गए, जिस पर विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही गांव की समस्याओं का निराकरण किया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। जिस पर मुहालकला, सेनगुड़, काल्याखेड़ी, करणपुरा, पाचातलाई, सोनतलाई, कचबेड़ी, बिछौला, हनीफाबाद के ग्रामीणों ने 7 मई को मतदान करने की शपथ ली।

### कम्यूनिकेशन कंट्रोल रूम व एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण

**हरदा।** कल लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान होगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लगातार ले रहे है। इसी क्रम में रविवार को उन्होने कलेक्ट्रेट में मतदान से संबंधित सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए बनाये गये जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने सी-विजिल एप और 1950 पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु बनाये गये नियंत्रण कक्ष और पेड न्यूज मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सतीश राय भी मौजूद थे।

### मोरगढ़ी कोथमी, पड़वा मतदान केंद्र पहुंचे सीईओ

**हरदा।** कल जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान होगा। इससे पूर्व मतदान के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लेने रविवार को जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया खिरकिया विखं के ग्राम मोरगढ़ी, चिकलपाट, कोथमी व पड़वा पहुंचे। इस दौरान उन्हें उपस्थित बीएलओ व गांव के पंचायत सचिवों से चर्चा कर मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरित करें। उन्होने केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए ठंडा पानी, धूप से बचाव के लिए शेड, शौचालय व रैम्प की व्यवस्था के पंचायत सचिव को निर्देश दिए।

## प्रेक्षक ने प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संबंधित जानकारी ली

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी व मीडिया प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त व्यय प्रेक्षक अमित चंद्र सुनाल ने रविवार दोपहर जिला पंचायत कार्यालय स्थित एमसीएमसी कक्ष, मीडिया प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को नियंत्रण कक्षों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रृष्टि देशमुख ने प्रेक्षक को सोशल मीडिया सेल, लाइव वेब कास्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

प्रेक्षक ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने से अब तक प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है जो कि लोकसभा चुनाव के तहत पूरी टीम का सतर्कता, समर्पण भाव से कार्य निष्पादन का परिणाम है। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा एमसीएमसी कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की जानकारी भी ली।

प्रेक्षक ने प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणन के संबंध में अब तक दिए गए प्रमाणन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने निर्देश दिये कि सोशल मीडिया में अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे प्रचार पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा उनके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किए जा रहे प्रचार को उनके निर्वाचन व्यय में जोड़ने की कार्यवाही करें। उन्होंने एमसीएमसी सेंटर में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का भी अवलोकन किया तथा प्रिंट मीडिया में जारी विज्ञापनों को निर्धारित दर के अनुसार व्यय में शामिल किए जाने के संबंध में जानकारी ली उन्हें बताया गया कि एमसीएमसी कंट्रोल रूम में 24 घंटे राष्ट्रीय व क्षेत्रीय न्यूज चैनल्स, एफएम चैनल्स की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है। समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली पेड न्यूज,फेक न्यूज पर भी पूरी नजर रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रृष्टि देशमुख, अपर कलेक्टर अशोक कुमार जाधव, जिला कोषालय अधिकारी जितेंद्र कुमार मंडलोई, जिला जन संपर्क अधिकारी आशा ऊईके, हरीश मोरे प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतदाता जागरुकता के लिए वाहन रैली संपन्न



*हरदा। लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में कल मतदान होगा। जिले के मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को कलेक्ट्रेट हरदा से टिमरनी तक जाने वाली वाहन रैली को स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोहित सिसोनिया ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन रैली छीपानेर रोड़ से हॉस्पिटल चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, उड़ा, खिड़की वाला, निमाचाखुर्द, चारखेड़ा होते हुए टिमरनी पहुँची। वहां से वापस मण्डी रोड़ से सरस्वती शिशु मंदिर, शुक्रवारा शंकर मंदिर, गांधी चौक, शीतला माता मंदिर, सूर्या टावर, बस स्टेण्ड से पोखरनी, नौसर, करताना, तजपुरा व भुवनखेड़ी होते हुए कलेक्टर कार्यालय हरदा पहुँचकर सम्पन्न हुई।*

## पिता ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

# माता की गोद में से बच्चे को छुड़ाकर भाग रहा था बदमाश



**खंडवा।** मां की गोद से एक बदमाश ने बच्चा छुड़ाकर भागने की कोशिश की। समय रहते पिता शेख सलमान निवासी घासपुरा ने उसे देख लिया और मौके पर ही दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। यदि पिता से थोड़ी सी भी चूक हो जाती तो बदमाश बच्चे को अपने साथ लेकर फरार हो जाता। मौके पर पहुंचे मोघट के जवानों ने बदमाश को पकड़ा और थाने ले गए। यहां पीड़ित ने बदमाश के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन दिया है।

पिता ने जब बच्चा छुड़ाकर भाग रहे बदमाश को पकड़ा तो वह गिड़गिड़ाने लगा। कहने लगा कि मेरे भी तीन बच्चे हैं मुझे पुलिस में मत दो, तीन माह जमानत नहीं होगी। मेरे बच्चे रोड पर आ जाएंगे। इस पर पिता ने कहा कि तुझे तेरे बच्चों की अब चिंता हो रही है, जब तू हमारा बच्चा लेकर भागने की कोशिश कर रहा था तब ये बात तेरे दिमाग में नहीं आई। पिता ने बदमाश की एक नहीं सुनी और उसे गार्ड की मदद से जिला अस्पताल चौकी पुलिस के हवाले किया।

चौकी पुलिस ने मामले की सूचना मोघट पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे मोघट के जवानों ने बदमाश को पकड़ा और थाने ले गए। अब मोघट पुलिस बदमाश से पूछताछ कर रही है। दरअसल, मामला शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे लेडी बटलर अस्पताल के गेट के पास का है।

शेख सलमान निवासी घासपुरा ने बताया कि मैं दांत में दर्द होने पर पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया था। यहां उपचार के बाद दोनों बच्चों और पत्नी को लेकर घर जाने के लिए निकला। बाइक में पेट्रोल नहीं था। मैं किसी तरह बाइक लेकर गेट के पास पहुंचा। यहां बाइक पूरी तरह बंद हो गई। मेरा एक बच्चा आगे बैठा था और दूसरे बच्चे को लेकर पत्नी पीछे बैठी हुई थी। बाइक बंद होते ही एक बदमाश पीछे से आया और मेरी पत्नी के हाथ से बच्चा छुड़ाकर ले जाने की कोशिश की।

# केंद्रों के लिए मतदान दल आज पॉलिटेक्निक कॉलेज से होंगे रवाना

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिये कल जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न होगा। इससे एक दिवस पूर्व 6 मई को मतदान दलों को निर्वाचन के लिए ईवीएम मशीन एवं वीवीपीएट एवं अन्य मतदान सामग्री का वितरण कर पॉलिटेक्निक कॉलेज से संबंधित मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने निर्देश दिये है कि किसी भी मतदान दल के कर्मचारियों को सामग्री प्राप्त करने के लिए लाइन में न लगना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने हरदा व टिमरनी के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिये है कि प्रत्येक मतदान दल को उसकी निर्धारित सीट पर ही पूरी मतदान सामग्री दी जाए साथ ही मतदान दलों के लिये चाय नाश्ते की व्यवस्था भी व्यवस्थित ढंग से की जाए, ताकि मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों को परेशानी न हो। कलेक्टर सिंह ने बताया कि मतदान दलों को इवीएम व वीवीपीएट वितरण से पूर्व प्रातः स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। स्ट्रांग रूम खोलते समय अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रह सकते है। सभी अभ्यर्थियों को इस संबंध में सूचना जारी कर दी गई है। सामग्री वितरण स्थल पर सभी सेक्टर अधिकारी तथा मतदान दलों के साथ ड्यूटी करने वाले विशेष पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### 20 प्रतिशत की छूट

*नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिले के चिकित्सक भी इस महायज्ञ में अपना योगदान देंगे। इंडियन मेडिकल एसोशियशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अपना वोट करने वाले सभी जागरूकता मतदाताओं को जिले के सभी चिकित्सकों द्वारा परामर्श, पैथालॉजी जांच, सोनोग्राफी व सीटी स्केन के शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता अपनी उंगली पर लगे अमिट स्याही के निशान को दिखाकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।*

# कलेक्टर ने हंडिया क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए कल मंगलवार को मतदान होगा। इससे पूर्व मतदान के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने रविवार को हरदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हंडिया, मांगरूल, साल्याखेड़ी, उंडाल, चिराखाल, नयापुरा, सिंगोन व गोला में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी ली और निर्देश दिये कि घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरित करें और सभी से मतदान की अपील भी करें। उन्होने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था, मतदाताओं को धूप से बचाव के लिए पंचायत सचिवों को टेंट की व्यवस्था करने निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मतदान केंद्रों में आज 6 मई को आने वाले मतदान दलों के लिए भोजन और रात्रि विश्राम के लिए बेहतर व्यवस्था करें, जिससे कि मतदान दलों को कोई परेशानी ना हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे और जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया के साथ टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ व पहुँच विहीन ग्रामों में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बोरपानी, जूनापानी, रातामाटी व बिटिया का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था, मतदाताओं को धूप से बचाव के लिए मतदान केंद्रों के बाहर टेंट लगवाने की व्यवस्था के लिए उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और संबंधित गांव के पंचायत सचिव को निर्देश दिए। उन्होने संबंधित बीएलओ से मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में भी जानकारी ली।

# मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान कल होगा। इससे पूर्व 6 मई को सुबह से ही मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी मशीन का वितरण पॉलिटेक्निक कॉलेज से किया जाएगा। हरदा एवं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को पॉलिटेक्निक कॉलेज से ही वाहनों से उनके मतदान केंद्र के लिए रवाना किया जाएगा। कलेक्टर आदित्य सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने शनिवार शाम को पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया के साथ-साथ हरदा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुमार सानू और टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी महेश बडोले भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने मतदान दलों को मतदान केदो तक ले जाने और वापस लाने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

### मनीष जैन की विंग प्रभारी के रूप में हुई नियुक्ति



खंडवा। पोरवाड़ सहायक फंड, जो 75 वर्षों से समाज के असहाय और जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसमें मनीष जैन को सहयोग विंग प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। संस्था के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी और अजय शाह ने बताया कि आज के दौर में शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ती लागत के कारण कई लोग इन आवश्यक सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्था ने जैन को इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। जैन, जो लंबे समय से समाज के जरूरतमंद बच्चों और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अपना योगदान दे रहे हैं, इस नई भूमिका में शिक्षा और चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के इच्छुक लोगों की सहायता करेंगे। जैन की नियुक्ति पर समाजसेवी डेविड जैन, वीरेंद्र भटयांण,देवेंद्र सराफ,नितिन जैन,सुनील जैन प्रवक्ता,अमरीष जैन,रश्मि जैन, शशि जैन, निपुण जैन, पंकज जटाले, लोकेंद्र जैन और मोहित जैन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# धूमधाम से मनाई सेन महाराज की जयंती

## संत शिरोमणि सेन महाराज की शोभायात्रा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

नगर में सर्व सेन समाज संघ के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन महाराज का 724वां जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सेन समाज की ओर से नगर के शासकीय शाला से संत शिरोमणि सेन महाराज की शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो धूमधाम से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए खेड़ापति माता मंदिर पहुंची। चल समारोह का नगर में जगह जगह स्वागत हुआ। चल समारोह के समापन के तत्पश्चात सयुक्त सर्व सेन समाज संगठन के अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय व उपाध्यक्ष जगदीश मालवीय के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के आरंभ में सेन महाराज की पूजा अर्चना और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। उसके उपरांत सामाजिक समस्याओं पर वक्ताओं ने समाज के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में सामाजिक, आर्थिक, राजनेतिक, रूप में समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए युवा पीढ़ी को शिक्षित, संगठित रहने व संघर्ष करने की आवश्यकता है। संगठित समाज को ही राजनीति में स्थान मिलता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप मे रमेश सेन, रामकृष्ण मालवीय, सत्यनारायण चावड़ा,नर्मदाप्रसाद मालवीय, अशोक मालवीय,रामविलास मालवीय,सहित आसपास के सभी स्वजातीय बंधु सम्मिलित हुए।

## 10 दिन तक सांगानेर की दीदियां धर्म और संस्कृति की देंगी शिक्षा

# बच्चों व बड़ों को धर्म और संस्कृति से जोड़े रखने के लिए श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

समाज के बच्चों एवं बड़ों को धर्म संस्कृति के संस्कारों से प्रशिक्षित करने के लिए 15 मई तक चलने वाले बाल संस्कार शिक्षण एवं श्रावक श्रावकी तत्व ज्ञान शिविर का विधिवत शुभारंभ राजस्थान सांगानेर से पधारी अनुष्का एवं मुस्कान दीदी के मंत्रोच्चार, मंगलाचरण के साथ ध्वजारोहण कर संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि ध्वजारोहन के पूर्व शुभारंभ दिवस रविवार को प्रातः 7 बजे घासपुरा दिगंबर जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। 5 मई से प्रारंभ 15 मई तक चलने वाले शिविर में प्रतिदिन अनुष्का एवं मुस्कान दीदी द्वारा प्रातः 7 बजे से मंदिर में भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं नित्य पूजन, प्रातः 7:30 बजे से बच्चों को भाग 1 2 3 की पढ़ाई के साथ दोपहर 3 बजे से महिला पुरुषों के लिए रत्नाकरण श्रावकाचार पर क्लास के साथ शाम 7 बजे से बच्चों की क्लास एवं आनंद यात्रा रात्रि 8:30 बजे से 9 तक दीदियों द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे। हमारे बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ धर्म और संस्कृति की भी शिक्षा प्राप्त होगी तो हमारे बच्चे भटकेंगे नहीं, मोबाइल के इस आधुनिक युग में आज आवश्यकता है हमारे बच्चे एवं युवाओं को अच्छे संस्कार धर्म और संस्कृति की। समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया ने बताया ने बताया कि दिगंबर जैन खंडेलवाल ट्रस्ट, मां शला पाठशाला, नवकार संस्कार पाठशाला के तत्वावधान में संत निवास घासपुरा में बच्चों को संपत्ति नहीं संस्कार दीजिए के तहत श्रमण संस्कृति संस्थान राजस्थान सांगानेर द्वारा प्रशिक्षित दीदियों द्वारा 5 मई से 15 मई तक बाल संस्कार शिक्षण एवं श्रावक श्रावकी तत्व ज्ञान शिविर का आयोजन का शुभारंभ हो चुका है।



शिविर का शुभारंभ मंदिर में रविवार को प्रातः 8 बजे मंगलाचरण के साथ डॉक्टर सुभाष जैन परिवार द्वारा ध्वजारोहण एवं संत निवास में मुनि सेवा समिति व सरोज सचिन पूजा गदिया परिवार द्वारा फीता खोलकर कर शिविर का शुभारंभ किया गया। सामाजिक संदेश को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई, प्रभातफेरी एवं शिविर में सभी सम्मिलित विद्यार्थी बच्चे और श्रावक श्वेत वस्त्रों और श्राविका पीली साड़ी में उपस्थित हुए। मंदिर में प्रतिदिन अभिषेक के वस्त्र उपलब्ध रहेंगे, परंतु सभी बालक यथासंभव अभिषेक के वस्त्र अपने साथ लेकर आने का प्रयास करें। विद्यार्थियों का प्रतिदिन अनुशासन, सहभागिता एवं ज्ञान के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा। शिविर का समय प्रातः 7 बजे से 10 बजे एवं सायंकालीन सत्र शाम 7 बजे से 9 बजे तक होगा, शिविरार्थियों हेतु स्वल्पाहार एवं शिक्षण सामग्री की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से साढे चार बजे महिलाओं पुरुष के लिये विशेष तत्वज्ञान कक्षा दीदियों के सानिध्य में आयोजित रहेगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, सचिव सुनील जैन, ट्रस्टी सुरेश लोहाडिया बंधुओं की उपस्थिति एवं सहयोग की अपेक्षा की है।

## जगदगुरु वल्लभाचार्य का जन्मोत्सव

# गोकुल चंद्रमा मंदिर से निकाली शोभायात्रा, लोगों ने गाए भजन



**बुरहानपुर।** जगद्गुरु वल्लभाचार्य के 547वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे रविवार को गोकुल चंद्रमा मंदिर परिसर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। खास बात यह रही कि भीषण गर्मी में भी लोग भक्ति के साथ भजन करते हुए निकले। जगदगुरू वल्लभाचार्य जी के जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा था। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मंदिर समिति अध्यक्ष हेमेंद्र गोविंदजीवाला, उद्योगपति माधव बिहारी अग्रवाल, उद्योगपति रामधारी मित्तल, मंदिर सचिव गिरीश कुमार, ललित भाई, प्रफुल्ल कुमार श्रॉफ, संतोष भाई, ठाकुर चंद्र प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह, हर्षित ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### महिलाएं केसरिया रंग की साड़ी में नजर आईं

शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया रंग की साड़ी पहनकर शामिल हुईं। सभी कीर्तन करते हुए चले। आचार्य महाप्रभुजी के रथ पर महाप्रभुजी के साथ भागवत भूषण हरि कृष्ण मुखिया, राजू मुखिया मौजूद थे। शोभायात्रा में भक्तों द्वारा नींबू शरबत, कुल्फी का वितरण किया गया जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी का अहसास तक नहीं हुआ।